2003-2004
संगीत नाटक अकादेमी
वार्षिक रिपोर्ट

2003-2004
संगीत नाटक अकादेमी
वार्षिक रिपोर्ट

विषय-सूची

परिशिष्ट

संगीत नाटक अकादेमीः
एक अवलोकन

भारत की संगीत, नृत्य और नाटक की राष्ट्रीय अकादेमी, संगीत नाटक अकादेमी को आधुनिक भारत की उस रचना प्रक्रिया की देन माना जा सकता है जिसके परिणामस्वरूप सन् 1947 में भारत को राजनीतिक रूप से स्वतंत्रता प्राप्त हुई। उन्नीसवीं शताब्दी में आत्म-निर्धारण के आंदोलन के साथ-साथ जैसे ही लोक वातावरण बना देश में कलाओं के मूल्य को एक नई स्वीकृति मिली। कलाओं की अल्पकालिक गुणवत्ता और लोकतंत्रीय प्रणाली के अनुकूल उनके परीक्षण की आवश्यकता को भी अनुभव किया गया ताकि सामान्य जन को उनको सीखने, अभ्यास करने और प्रचार करने के अवसर प्राप्त हो सकें। बीसवीं शताब्दी के पहले कुछ दशकों में जनसाधारण का यह मत रहा था कि कलाओं के परिरक्षण और विकास दोनों का दायित्व राज्य का है।

इस दिशा में सरकार को प्रथम बृहत् सार्वजनिक अपील सन् 1945 में की गई जब बंगाल की एशियाटिक सोसाइटी ने तीन अकादेमियों यथा अकादेमी ऑफ डांस, ड्रामा एंड म्यूजिक, अकादेमी ऑफ लेटर्स और अकादेमी ऑफ आर्ट्स और आर्किटेक्चर वाले नेशनल कल्चरल ट्रस्ट बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

संगीत नाटक अकादेमी नामक नृत्य, नाटक और संगीत की राष्ट्रीय अकादेमी इनमें से पहली थी जिसकी स्थापना भारत सरकार द्वारा की गई। यह केंद्रीय शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के नेतृत्व में शिक्षा मंत्रालय के संकल्प द्वारा सृजित की गई थी जिस पर हस्ताक्षर 31 मई, 1952 को किए गए। बाद में इस संकल्प को 7 जून, 1952 के भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया था। संगीत नाटक अकादेमी का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 28 जनवरी, 1953 को भारत की संसद, लोकसभा, का उद्घाटन करने के कुछ दिन पश्चात् किया गया था। मौलाना अबुल कलाम आजाद, जो अकादमी की स्थापना से संबंधित सरकार के संकल्प के क्रियान्वयन के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी थे, ने अकादेमी की स्थापना के उद्देश्य के बारे में कहा :

> स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् बहुत से उन प्रश्नों में से जिनपर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता थी उनमें से एक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रश्न सांस्कृतिक गतिविधियों के पुनरुत्थान से संबंधित था। पिछले डेढ़ सौ वर्षों में ललित कलाओं, चाहे नृत्य या नाटक, संगीत या साहित्य हों, को अपने पूर्ण विकास के लिए राज्य से वह सहायता या समर्थन प्राप्त नहीं हुआ जिसकी उनको आवश्यकता थी। यह सच है कि उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से भारत में पुनर्जागरण है जिसका कारण समाज में नई शक्तियों का प्रकट होना है और इसका राज्य से कोई सरोकार नहीं था। इसीलिए, यह इतना व्यापक या गहन नहीं था जितना कि इसे आवश्यक राज्य समर्थन मिलने पर होना चाहिए था . . . .
>
> भारतीय रियासतों ने, जो भारत का लगभग एक-तिहाई भाग हैं, असंदिग्ध रूप से अपने क्षेत्रों में इन कलाओं को समर्थन देने और उनका विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके लिए वे हमारी कृतज्ञता के पात्र हैं, लेकिन उनके प्रयत्न परिस्थितियों की जरूरतों के अनुरूप नहीं थे। बहरहाल, भारतीय रियासतों की व्यवस्था समाप्त हो जाने से ललित कलाओं को जो संरक्षण वे प्रदान करते थे वह भी अब उपलब्ध नहीं है। लोकतंत्रीय शासन में, कलाएँ लोगों से ही अपना पोषण प्राप्त करती हैं और चूँकि राज्य लोगों की इच्छा शक्ति की संगठित अभिव्यक्ति होती है इसलिए अवश्य ही उसे इसे अपने पहले उत्तरदायित्वों में से एक मानकर उनका अनुरक्षण और विकास करना चाहिए . . . .
>
> भारत की संगीत, नाटक और नृत्य की बहुमूल्य विरासत ऐसी है जिसकी हमें कदर करनी चाहिए और उसका विकास करना चाहिए। ऐसा हमें केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि इसे हमें मानव जाति की सांस्कृतिक विरासत के योगदान के रूप में भी करना चाहिए। जीवंत बने रहने के लिए सृजन करना जितना वास्तविक कला के क्षेत्र में है उतना किसी और क्षेत्र में नहीं है। परंपराओं का परिरक्षण

नहीं किया जा सकता केवल उनकी पुनर्रचना की जा सकती है। इस अकादेमी का यह उद्देश्य होगा कि परंपराओं का परिरक्षण उन्हें एक संस्थागत रूप प्रदान करके किया जाए . . .

1952 के संकल्प में सम्मिलित अकादेमी के कार्यों के घोषणा-पत्र में सन् 1961 में मूल कार्यक्षेत्र के साथ-साथ विस्तार किया गया था, जब संगीत नाटक अकादेमी का पुनर्गठन सरकार द्वारा सोसाइटी के रूप में किया गया और इसका पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1957 में यथा संशोधित) के अधीन किया गया था। इन कार्यों का उल्लेख अकादेमी के संगम-ज्ञापन में किया गया है जिन्हें 11 सितंबर, 1961 को सोसाइटी के रूप में पंजीकरण के समय अपनाया गया था।

प्रारंभ से ही अकादेमी, भारत में संगीत, नृत्य और नाटक की प्रथा के लिए समर्थन के एक एकीकृत संरचना के निर्माण की ओर अग्रसर रही है। इस समर्थन में परंपरागत और आधुनिक रूप और शहरी के साथ-साथ ग्रामीण पर्यावरण सम्मिलित हैं। अकादेमी द्वारा प्रस्तुत या संवर्धित संगीत, नृत्य और नाटक के महोत्सव सारे भारत में आयोजित किए जाते हैं। प्रदर्शन कलाओं के महान शिक्षक अकादेमी की रत्न सदस्यता से सम्मानित किए गए हैं। संगीत नाटक अकादेमी द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रख्यात कलाकारों और विद्वानों को जिन सम्मानों से सम्मानित किया जाता है वे प्रदर्शन कलाओं के क्षेत्र में अत्यधिक वांछनीय सम्मान माने जाते हैं। देश में वे हजारों सस्थाएँ, जिनमें बहुत-सी सुदूर क्षेत्रों में स्थित हैं, जो संगीत, नृत्य और रंगमंच के शिक्षण या संवर्धन में कार्यरत हैं और साथ ही संबंधित विद्या शाखाओं के अनुसंधानकर्ताओं, लेखकों और प्रकाशकों को अकादेमी से वित्तीय सहायता अपने कार्यों के निष्पादन के लिए प्राप्त होती है।

अपने प्रारंभ काल से ही अकादेमी द्वारा प्रदर्शन कलओं की व्यापक रिकार्डिंग और फिल्मांकन किया गया है जिसके परिणामस्वरूप श्रव्य-दृश्य टेपों, 16-एमएम फिल्मों, फोटो चित्रों और ट्रांसपेरेंसियों का एक बड़ा अभिलेखागार बन गया है और यह भारत में प्रदर्शन कलाओं के अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक अत्यधिक महत्वपूर्ण साधन बना हुआ है।

अकादेमी की संगीत वाद्य-दीर्घा में 600 से अधिक उद्गम स्थल के वाद्ययंत्रों का व्यापक संग्रह है और कई वर्षो से यह बहुत-कुछ प्रकाशित प्रलेखन का साधन बनी हुई है। इसी प्रकार संगीत नाटक अकादेमी की लाइब्रेरी इन विद्या शाखाओं के लेखकों, छात्रों और अनुसंधान कर्ताओं को आकर्षित करती रही है और कर रही है। अकादेमी की पत्रिका *संगीत नाटक* का प्रकाशन सन् 1965 से किया जा रहा है। यह अपने क्षेत्र की लगातार प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं में से एक है जिसमें प्रख्यात लेखकों के साथ-साथ अप्रख्यात लेखकों के मौलिक कार्य को भी प्रकाशित किया जाता है।

अकादेमी प्रदर्शन कलाओं की राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं और परियोजनाओं की स्थापना और देखभाल भी करती है। इम्फाल में सन् 1954 में स्थापित मणिपुर नृत्य और संगीत की प्रमुख संस्था जवाहर लाल नेहरु मणिपुर नृत्य अकादेमी इन संस्थाओं में से प्रथम है। अकादेमी ने सन् 1959 में, राष्ट्रीय नाट्य स्कूल और सन् 1964 में कथक केंद्र की स्थापना की, जो दिल्ली में स्थित हैं। अकादेमी की राष्ट्रीय महत्व की चालू परियोजनाओं में सन् 1991 में शुरू की गई केरल के कूटिआट्टम थिएटर की परियोजना, सन् 1994 में शुरू की गई उड़ीसा, झारखंड और पश्चिम बंगाल की छऊ नृत्य की परियोजना और सन् 2002 में शुरू की गई असम के सत्रिय संगीत, नृत्य, रंगमंच और संबद्ध कलाओं की परियोजना प्रमुख हैं।

प्रदर्शन कलाओं में विशेषज्ञता वाले शीर्ष निकाय के रूप में, अकादेमी भारत सरकार को इस क्षेत्र से संबंधित नीतियों और परियोजनाओं को बनाने और उनके कार्यान्वयन के लिए सलाह और सहायता प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, अकादेमी भारत के विभिन्न क्षेत्रों के बीच और भारत एवं अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक संपर्कों को प्रोत्साहन देने का कार्य करके राज्य के उत्तरदायित्वों के कुछ भाग का निर्वाह करती है। अकादेमी ने हांगकांग, रोम, मोस्को, एथेंस, वाल्लाडोलिड, काहिरा और ताशकंद में प्रदर्शनियों और संगोष्ठियों का आयोजन किया है। जापान, जर्मन और रूस जैसे विदेशों के प्रमुख उत्सवों को भी अकादेमी द्वारा प्रस्तुत किया गया है चाहिए।

वर्तमान में, संगीत नाटक अकादेमी पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय है और सरकार इसकी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए इसका पूर्ण रूपेण वित्त पोषण करती है।

संगीत नाटक अकादेमी का प्रबंध उसकी महापरिषद में निहित है। अकादेमी के कार्यों का सामान्य अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण कार्यकारिणी मंडल द्वारा किया जाता है जिसकी सहायता के लिए वित्त समिति, अनुदान समिति, प्रकाशन समिति और अन्य सलाहकार समितियाँ यथा संगीत, नृत्य, रंगमंच, प्रलेखन और अभिलेखागार आदि हैं।

अकादेमी के उद्देश्यों का और अधिक विस्तृत उल्लेख अकादेमी के संगम-ज्ञापन (उद्धरण : परिशिष्ट-I) में किया गया है। महापरिषद, कार्यकारिणी मंडल और अन्य समितियों के सदस्यों की सूची परिशिष्ट-II में दी गई है।

संगीत नाटक अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. भूपेन हजारिका के कार्यकाल की अवधि 6 दिसंबर , 2003 को समाप्त हो गई। भारत के राष्ट्रपति ने 19 दिसंबर, 2003 को पाँच वर्ष की अवधि के लिए श्रीमती सोनल मानसिंह को अकादेमी का अध्यक्ष नियुक्त किया। उपाध्यक्ष श्री श्यामानंद जालान हैं।

अकादेमी के सचिव और प्रधान कार्यकारी श्री जयंत कस्तुआर हैं। उनकी सहायता के लिए संगीत, नृत्य, नाटक, समन्वय, वित्त, प्रशासन, प्रकाशन, प्रलेखन, फिल्म के उपसचिवों के साथ अकादेमी के पुस्तकालयाध्यक्ष, तथा अकादेमी की घटक इकाइयों - कथक केंद्र और जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य एकेडमी के निदेशक हैं। इन दोनों संस्थाओं का प्रबंधन अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है और इस कार्य में उसकी सहायता के लिए इन दो घटक इकाईयों की सलाहकार समितियाँ हैं। दिल्ली स्थित रवींद्र रंगशाला अकादेमी की तीसरी घटक इकाई है जिसे अकादेमी ने वर्ष 1993 में अपने अधिकार में लिया था। इन संस्थाओं के क्रियाकलापों की रिपोर्ट प्रस्तुत रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान महापरिषद, कार्यकारिणी मंडल और कार्यकारिणी मंडल द्वारा गठित विभिन्न समितियों यथा - वित्त समिति, अनुदान समिति और प्रकाशन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों की सूची परिशिष्ट-III में दी गई है।

अकादेमी ने अपने पचास वर्ष 28 जनवरी, 2003 को पूरे किए। वर्ष भर चलने वाले स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रमों का उद्घाटन दिल्ली में भारत के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने किया।

संगीत नाटक अकादेमी सम्मान 2003

29 नवंबर, 2003 को अकादेमी की महापरिषद की चेन्नई में बैठक हुई। इसमें वर्ष 2003 के लिए अकादेमी सम्मान के लिए प्रदर्शन कलाओं में 33 प्रख्यात कलाकारों का चयन किया गया। संगीत नाटक अकादेमी के सम्मान के लिए प्रत्येक को 50,000 रुपए नकद, एक शाल और एक तामपत्र प्रदान किया जाता है। वर्ष 2003 के सम्मान प्राप्त कलाकरों के नाम निम्न प्रकार हैं :

सम्मान

संगीत

गुलाम मुस्तफा वारिस खान
यशवंत बालकृष्ण जोशी
अरविंद नटवरलाल पारिख
भवानी शंकर कथक
ट्रिच्चूर वैद्यनाथ रामचंद्रन
एम. ए. नरसिम्हाचार
ए. कन्याकुमारी
कादरी गोपाल नाथ
सी. के. बालगोपालन

नृत्य

सी. के. बालगोपालन
सुनयना हज़ारी लाल
उर्मिला नागर
सदनम पी. वी. बालकृष्णन
सूर्यमूखी देवी
कलावती देवी
के. उमा रामाराव
हरे कृष्ण बेहेरा

रंगमंच

अरूण शर्मा
रत्नाकर रामकृष्ण मतकरी
देवेंद्र राज अंकुर
नीलम मानसिंह चौधरी
शाँओली मित्र
सि.आर. सिम्हा
श्रीनिवास जी. कप्पंणा
अनंत गोपाल शिन्दे

पारंपरिक/लोक/जनजातीय नृत्य, संगीत, रंगमंच एवं पुतुल नाट्य

लाइश्रम बीरेंद्रकुमार सिंह
प्रभात शर्मा
लीला ओम चेरी
चुक्का सत्तय्य
भालचंद्र व्यंकटेश पेंढारकर
बनमाली महारणा
पूरण भाट
कोषकांत देवगोस्वामी

प्रदर्शनकलाओं में छात्रवृत्ति/समग्र योगदान

पी. वी. सुब्रहमण्यम (सुबुड्डू)

अकादेमी रत्नसदस्यता एवं अकादेमी पुरस्कार 2002

अकादेमी सम्मान समारोह 2002 महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक कार्य विभाग एवं नेहरु सैन्टर के सहयोग से मुम्बई में 6 जुलाई 2003 को आयोजित किया गया। 25 मार्च 2003 को अकादेमी की महापरिषद ने श्रीमती शन्नो खुराना और श्री कावालम नारायण पणिक्कर को अकादेमी का रत्नसदस्य चुना एवं 26 कलाकारों का अकादेमी पुरस्कार 2002 के लिए चयन किया। अकादेमी रत्नसदस्यता एवं पुरस्कार 2002 भारत के राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा एक विशिष्ट समारोह में प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री मोहम्मद फज़ल, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जगमोहन, महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री श्री छगन भुजवल, संगीत नाटक अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. भूपेन हज़ारिका एवं उपाध्यक्ष श्री श्यामानन्द जालान और महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक कार्य, परिवहन, पत्तन, नयाचार मंत्री श्री अशोक चहवान, भी उपस्थित थे। इस शुभ अवसर पर संगीत नाटक अकादेमी के सचिव श्री जयन्त कस्तुआर द्वारा अभिकल्पित संगीत एवं नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, इसके अतिरिक्त मुम्बई नगर के शारीरिक रूप से असहाय बच्चों द्वारा भी एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

प्रदर्शनी / महोत्सव

स्वर्ण जयंती समारोहों के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम

वाद्य दर्शनः ऐलिग्जैंड्रिया और काहिरा, मिस्र में वाद्य-यंत्रों की प्रदर्शनी

संगीत नाटक अकादेमी के स्वर्ण जयंती समारोहों के अवसर पर वाद्य-यंत्रों और व्याख्यान-निदर्शन की प्रदर्शनी 'वाद्य दर्शन' का आयोजन 22-26 मार्च, 2003 को ऐलिग्जैंड्रिया, मिस्र में भारत सांस्कृतिक संबंध परिषद्, मौलाना आजाद भारतीय संस्कृति केंद्र, काहिरा राजदूतावास, तथा बिब्लिओथीक ऐलिग्जैंड्रिया के सहयोग से किया गया था। बिब्लिओथीक ऐलिग्जैंड्रिया में एक विश्व विख्यात लाइब्रेरी है और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होने के कारण यहाँ पर अनन्य रूप से 70 संगीत वाद्य-यंत्रों को प्रदर्शित किया गया था। इन्हें देखने के लिए यहाँ बड़ी संख्या में दर्शक आए। मिस्र के विभिन्न भागों के स्कूली बच्चे और यूरोपियाई देशों से आगन्तुक पर्याप्त संख्या में प्रदर्शनी देखने आए।

प्रदर्शनी का उद्घाटन 22 मार्च, 2003 को बिब्लिओथीक के निदेशक ने किया जहाँ प्रख्यात सरोद वादक श्री तेजेंद्र नारायण, वाद्ययंत्रों के निर्माता और तबला वादक ने अतिथियों को वाद्य-यंत्रों के इतिहास के बारे में अवगत कराया। प्रदर्शनी को कलात्मक डिजाइनर श्री वेद पहोजा ने तैयार किया था। प्रदर्शनी में लगभग 3000 दर्शक आए। प्रदर्शनी खुलने का समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक था। प्रदर्शनी के एक भाग के रूप में, बिब्लिओथीक भवन में एक सजीव प्रदर्शन का आयोजन किया गया और तत्पश्चात् 27 मार्च, 2003 को कार्बन ब्लैक फैक्टरी के परिसर में एक आधे घंटे के प्रदर्शन का आयोजन फैक्टरी में कार्यरत भारतीय अप्रवासियों के लाभ के लिए किया गया। भारतीय समुदाय ने तबले की संगत के साथ सरोद वादन का आनन्द उठाया।

काहिरा में प्रदर्शनी का आयोजन 1 से 9 अप्रैल, 2003 तक म्यूज़िक ओपेरा हाउस कॉम्प्लेक्स की लाइब्रेरी के गोल भवन में किया गया था। महामहिम श्री सतनाम सिंह, काहिरा में भारत के राजदूत ने 1 अप्रैल, 2003 को दीप प्रज्वलित करके प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित व्यक्ति और राजदूतावास का स्टाफ भारी संख्या में उपस्थित था। अपने उद्घाटन भाषण में महामहिम ने संगीत नाटक अकादेमी और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा ऐसी प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए बधाई दी। 4 अप्रैल, 2003 तक सरोद और तबला वादन के सजीव प्रदर्शन संगीत प्रेमियों को आकर्षित करते रहे और तत्पश्चात् सितार और तबला वादन ने दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रदर्शनी 2 से 9 अप्रैल, 2003 तक प्रातः 10.30 बजे से सायं 8.30 बजे तक खुली रहती थी। प्रदर्शन लोकल म्यूजिक स्कूल और स्वेज़ क्लब में क्रमशः 3 और 4 अप्रैल, 2003 को आयोजित किए गए थे। सभी दिनों पर औसतन 250 से अधिक दर्शक आए। संगीत प्रेमियों ने प्रदर्शनी को सराहा और मिस्री वाद्य-यंत्रों से समानता करते हुए यह अनुभव किया कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बारंबार आयोजित करने से देशों के बीच परस्पर सांस्कृतियों को समझने में सहायता मिलेगी।

मिस्र गई टीम में श्री जे.पी. बेंगेरी, पुस्तकालयध्यक्ष, सं. ना.अ. और दल नेता; श्री वेद पहोजा, कलात्मक डिजाइनर; कोलकाता से श्री तेजेंद्र नारायण, सरोद वादक; श्री संजय शर्मा, वाद्य-यंत्र निर्माता, दिल्ली शामिल थे। प्रेस और मीडिया के माध्यम से प्रदर्शनी को अत्यधिक प्रचार मिला। प्रदर्शनी की कवरेज को कुछ स्थानीय टेलिवीज़न चैनलों पर प्रसारित किया गया था।

उजबेकिस्तान में भारतीय संगीत वाद्य-यंत्रों की प्रदर्शनी

ताशकंत, उजबेकिस्तान में 21-30 अप्रैल, 2003 तक प्रदर्शनी का आयोजन उजबेकिस्तान स्टेट कंर्सवटाअर ताशकंत में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नई दिल्ली, भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय राजदूतावास, ताशकंत, सांस्कृतिक कार्य मंत्रालय, रिपब्लिक ऑफ उजबेकिस्तान और उजबेकिस्तान स्टेट कंसर्वटाअर के सहयोग से किया गया था। संगीत नाटक अकादेमी की सुश्री शर्बरी मुखर्जी, उपसचिव (संगीत) ने इस प्रदर्शनी में अकादेमी का प्रतिनिधित्व किया।

प्रदर्शनी में संगीत नाटक अकादेमी के पूरे देश के 600 वाद्य-यंत्रों के संग्रह में से एक छोटे भाग को प्रदर्शित किया गया था जिससे प्रदर्शनी में भारतीय संगीत वाद्य-यंत्रों की विविधता की झलक मिली।

प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न भागों के 70 शास्त्रीय और लोक संगीत वाद्य-यंत्रों को फोटोग्राफ और विवरणों के साथ प्रदर्शित किया गया था। इस प्रदर्शनी के लिए संगीत वाद्य-यंत्र संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली के संग्रह से लिए गए थे। जिन्हें मेड्रिड (स्पेन), काहिरा और ऐलिग्जैंड्रिया (मिस्र में) में, प्रदर्शित किया गया।

डॉ. (श्रीमती) सुनीरा कासलीवाल, सितार वादक और संगीत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय में रीडर, इम्फाल के रचनाकार और संगीतज्ञ श्री टिकेन सिंह, वाद्य-यंत्र निर्माता श्री राजेश थवन और संस्थापन कलाकार श्री कैलाश जीवनी ताशकंत जाने वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्य थे।

डॉ. सुनीरा कासलीवाल और श्री टिकेन सिंह ने सितार, पुंग, खौंग, पेना और अन्य वाद्य यंत्रों पर व्याख्यान- निदर्शन दिए और लगभग 20 स्कूलों के बच्चों के साथ अन्योन्यक्रिया की। उन्होंने संगीत के वरिष्ठ छात्रों के लिए उजबेकिस्तान स्टेट कंसॅर्वटवाअर में मास्टर कक्षाओं का आयोजन किया। श्री राजेश धवन ने प्रदर्शनी स्थल पर रोजाना वाद्य-यंत्र निर्माण प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया और संगीत, वाद्ययंत्र निर्माण में रुचि रखने वाले छात्रों और सामान्य जनता से अन्योन्यक्रिया की।

प्रदर्शनी के समापन पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय कलाकारों के साथ ताशकंत में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के उस्ताद इल्मस हुसैन खान(तबला वादक) ने उजबेक पीपुल्स फॉक एन्सेम्बल "सोगदिआना" के कलाकारों के साथ संयुक्त संगीत-गोष्ठी में तबला वादन किया।

समापन सत्र में उजबेकिस्तान में भारत के राजदूत महामहिम श्री शरत सब्बरवाल ने उजबेकिस्तान स्टेट कंसॅर्वटवाअर को 10 भारतीय वाद्य-यंत्रों का सेट उपहार स्वरूप दिया। वाद्य-यंत्रों को स्टेट कंसॅर्वटवाअर के रेक्टर प्रो. के.टी. एजीमोव ने प्राप्त किया।

बड़े गुलाम अली खान शताब्दी समारोह : स्मारक डाक टिकट का विमोचन

1962 में संगीत नाटक अकादेमी के हिंदुस्तानी गायन सम्मान से सम्मानित और 1967 में अकादेमी रत्न सदस्यता से विभूषित उस्ताद बड़े गुलाम अली खान की शताब्दी मनाने के लिए स्मारक डाक टिकट के विमोचन के अवसर पर एक समारोह का आयोजन 30 जून, 2003 को कन्वेशन हाल, अशोक होटल, नई दिल्ली में किया गया था। इस समारोह का आयोजन संस्कृति विभाग, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया था। डाक टिकट श्री अरुण शौरी, माननीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा जारी किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री जग मोहन, माननीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री द्वारा की गई। इस समारोह के दौरान श्रीमती मालती गिलानी और श्रीमती कुर्तुलेन हैदर द्वारा लिखित "उस्ताद बड़े गुलाम अली खान : उनका जीवन और संगीत" नामक पुस्तक का औपचारिक विमोचन भी श्री जगमोहन द्वारा किया गया था।

इस अवसर पर संगीत नाटक अकादेमी द्वारा उस्ताद बड़े गुलाम अली खान के तीन पौत्रों, यथा उस्ताद मजहर अली खान, उस्ताद जावेद अली खान और उस्ताद रजा अली खान के हिंदुस्तानी गायन को प्रस्तुत किया गया था। ये तीनों कसूर-पटियाला घराने से हैं।

उस्ताद बड़े गुलाम अली खान की स्मृति में डाक विभाग द्वारी जारी स्मारक डाक टिकट 2.90x3.91 सें. मी. आकार में और पाँच रुपये मूल्यवर्ग का है। डाक टिकट में खान साहब को सुरमंडल हाथ में लिए चित्रित किया गया है। मुद्रित टिकटों की संख्या 4 लाख है।

रंग स्वर्ण
गोल्डन जुबली थिएटर फेस्टिवल, दिल्ली

रंग स्वर्ण - स्वर्ण जयंती रंग महोत्सव की कल्पना और उद्देश्य भारतीय रंगमंच के व्यापक प्रतिबिंब को इसके समस्त प्रकारों और रूपों में प्रदर्शित करना था ताकि इसकी वर्तमान स्थिति का और इस क्षेत्र में अकादेमी के योगदान का मूल्यांकन किया जा सके। इसकी योजना विभिन्न भागों में देश में प्रचलित रंगमंच की पद्धतियों के सभी पक्षों को सम्मिलित करना था, यथा (1) रंगमंच प्रदर्शन, (2) अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, (3) प्रदर्शनी रंग रेखा, (4) खुला मंच और अन्य अन्योन्यक्रिया कार्यक्रम, और (5) प्रकाशन।

महोत्सव का उद्घाटन 9 अक्तूबर, 2003 को कमानी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में अकादेमी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. भूपेन हजारिका द्वारा अकादेमी के चार रत्न सदस्यों - श्री गिरीश कर्नाड, श्री हबीब तनवीर, श्री विजय तेंडुलकर और कावालम नारायण पणिक्कर के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया था। उद्घाटन के पश्चात् श्री के. एन. पणिक्कर द्वारा निर्देशित संस्कृत नाटक 'कर्णभारम्' प्रस्तुत किया गया था।

इस उत्सव में पूरे भारत के साथ-साथ विश्व के अन्य भागों से रंगकर्मियों ने भाग लिया।

नाट्य प्रदर्शन

प्रदर्शन चार वर्गों के थेः (1) आलोचकों की पसंद, (2) मास्टर प्रदर्शनकर्ता, (3) परंपरागत रंगमंच, और (4) दिल्ली रंगमंच। आलोचकों की पसंद खंड में 20 नाटकों का चयन करके उन्हें प्रस्तुत किया गया था। ये नाटक कमानी ऑडिटोरियम, श्री राम सेंटर ऑडिटोरियम और शहर के अन्य सभागारों में प्रस्तुत किए गए थे। मास्टर प्रदर्शनकर्ता खंड में भारतीय रंगमंच के 20 मास्टर अभिनेताओं को कमानी ऑडिटोरियम और श्री राम सेंटर ऑडिटोरियम में प्रस्तुत किया गया था। परंपरागत रंगमंच खंड में छः प्रमुख परंपरा रंगमंच रूपों को यथा केरल का कूटियाट्टम, उड़ीसा का प्रह्लाद नाटक, कर्नाटक का यक्षगान, तमिलनाडु का तेरूकूतू, हरियाणा का सांग और बिहार का नटुआ नाच मेघदूत एम्फी थिएटर, रवींद्र भवन, नई दिल्ली में प्रस्तुत किया गया था। दिल्ली रंगमंच खंड में दिल्ली स्थित ग्रुपों दूवारा सात महत्वपूर्ण प्रस्तुतियाँ दिल्ली के बाहर के स्थान में प्रस्तुत की गई थीं।

मास्टर प्रदर्शनकर्ता : लोकप्रिय रुचि के दृष्टिकोण से मास्टर अभिनेता/निर्देशक के नेतृत्व में दस उच्च गुणवत्ता रंगमंच प्रदर्शनों/कार्यक्रमों को चुना गया था। इसमें कुछेक महान अभिनेताओं के दृश्यों की उन प्रस्तुतियों को सम्मिलित किया गया था जिनसे दर्शकगण उन प्रस्तुतियों का आनंद उठा सके जो अब प्रचलन में नहीं हैं।

आलोचकों की पसंद : इस भाग में वे 15 प्रस्तुतियाँ सम्मिलित हैं जिनका चयन पूरे भारत से विद्वानों/आलोचकों और रंगमंच विशेषज्ञों से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर किया गया था। अकादेमी ने क्षेत्रीय आधार पर चयन समितियों की नियुक्ति की थी ताकि वे भारतीय शहरी रंगमंच की सर्वोत्तम समझी जाने वाली और अपने क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण समझी जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली प्रचलित प्रस्तुतियों की सिफारिश करें। एक दो-सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने विभिन्न शहरों का दौरा करके प्रस्तुतियों को देखा/समूहों से मिले और उसके आधार पर उन्होंने एक संक्षिप्त सूची तैयार की। तत्पश्चात् इस पर विचार-विमर्श संगीत नाटक अकादेमी की रंग स्वर्ण समिति ने अंतिम चयन करने के लिए किया।

परंपरागत रंगमंच : परंपरागत रूप जैसे कूटियाट्टम, प्रह्लाद नाटक, ख्याल, यक्षगान, तेरुकूतु, नटुआ नाच और सांग की प्रस्तुतियाँ देर शाम को रवींद्र भवन में संगीत नाटक अकादेमी के मेघदूत थिएटर कॉम्प्लेक्स में प्रस्तुत की गई थीं।

दिल्ली रंगमंच : व्यापक दर्शकगणों तक पहुँचाने के लिए दिल्ली स्थित समूहों दूवारा चुनिंदा प्रस्तुतियों को मंडी हाउस के बाहर के स्थानों पर प्रस्तुत किया गया था। यह नाटक अत्यधिक लोकप्रिय साबित हुए और नए दर्शकगणों ने इसे अत्यधिक सराहा।

कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है :

9 अक्तूबर
उद्घाटन
कर्णभारम् (संस्कृत)
नाटककार और निर्देशक : **कावालम नारायण पणिक्कर, केरल**

10 अक्तूबर
चरन दास चोर (छत्तीसगढ़)
नाटककार और निर्देशक : **हबीब** तनवीर; नया थिएटर, **भोपाल**

11 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
श्रीराम लागू, मित्र (मराठी) के दृश्यों में; निर्देशक : विजय **केंकरे, सुयोग,** मुंबई

12 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
श्यामानंद जालान, आधे-अधूरे/एवं इंद्रजीत (हिंदी) के दृश्यों में, **कोलकाता**

अमरीश लाल पुरी, डेढ़ इंच ऊपर (हिंदी) के दृश्यों में, मुंबई

13 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
सावित्री हैसनम, वाइल्ड वोमेन (मणिपुरी) के दृश्यों में, इम्फाल

सत्यदेव दुबे
इंशा अल्लाह (हिंदी) के दृश्यों में, मुंबई

प्रभाकर वी. पंशीकर
ओशालाल मृत्यु और अशरूणची झाली फुले (मराठी) **के दृश्यों में, मुंबई**

14 अक्तूबर
नसीरुद्दीन शाह, डियर लायर (अंग्रेजी) **नाटक** में

15 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
जोहरा सेगल, 5 नाटक (उर्दू/हिंदी) दिल्ली **के स्निपटों से**

दामोदर काशीनाथ केंकरे
रंगकर्मी (मराठी) के दृश्यों से, मुंबई

16 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
एलीक पद्मसी, डेथ ऑफ ए सेल्समैन (अंग्रेजी) के **दृश्यों से, मुंबई**

मनोज मित्रा
सजानो बागन (बंगला) के दृश्यों से, कोलकाता

कुमार राय, गैलिलिओ (बंगला) के दृश्यों से, कोल**काता**

17 अक्तूबर
जात ही पूछो साधु की (हिंदी)
नाटककार : विजय तेंडुलकर, **निर्देशक : राजिंदर नाथ, अभियान, नई दिल्ली**

18 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
बी. जयश्री, चित्रपट् और उरिया उयाले (कन्नड) के दृश्यों से, **बंगलौर**

आर. नागरत्नम्मा, कंस वध (कन्नड) के दृश्यों में, बंगलौर

19 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
सुहास जोशी, स्मृति चित्रे (मराठी) के दृश्यो से, मुंबई

भरत मुराली, लंका लक्ष्म (मलयालम)दृश्यों से, तिरुवनंतपुरम

20 अक्तूबर
अनुपम खेर, कुछ भी हो सकता है (हिंदी) नाटक में; निर्देशक : **फिरोज** खान, मुंबई

21 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
मोहन अगाशे, घासी राम कोतवाल (मराठी) के दृश्यों में, **पुणे**

सावित्री चटर्जी, श्रुति (बंगाली) के दृश्यों में, कोलकाता

22 अक्तूबर
उत्तर प्रियदर्शी (मणिपुर)
निर्देशक : रतन थियम, कोरस रेपर्टरी थिएटर, इम्फाल

श्री राम सेंटर में आयोजित प्रदर्शन
10 अक्तूबर
महादेव भाई (1892-1942) अंग्रेजी
आलेख और निर्देशक : रामू रामनाथन; समूह : व**किंग** टाइटल, मुंबई

11 अक्तूबर
मयोल हुनद्राबा योन्निंग (मणिपुरी)
आलेख और निर्देशक : एम. सी. तोयबा; समूह : **बनियान** रेपर्टरी थिएटर, इम्फाल

12 अक्तूबर
कथा (उड़िया)
आलेख और निर्देशक **: सुबोध पट्टनायक; समूह : नाट्य चेतना,** भुवनेश्वर

13 अक्तूबर
किचन कथा (पंजाबी)
आलेख : सुरजीत पतार; **निर्देशक : नीलम मानसिंह चौधरी; समूह : द्** कंपनी थिएटर, चंडीगढ़

14 अक्तूबर
माता हिडिम्बा (मराठी)
आलेख और निर्देशक : चेत**न दतार; समूह** : लास्या, मुंबई

15 अक्तूबर
धर्मदुरंत (कन्नड़); निर्देशक : एस रघुनंदन

16 अक्तूबर
अनुरव (गुजराती); आलेख एवं निर्देशक : कपिलदेव चंद्रकांत शुक्ला; समूहः आख्य आर्ट्स, सूरत

17 अक्तूबर
सिद्धार्थ (मलयालम)
आलेख : दीपन सी.एस.; निर्देशक : ज्योतिष एम.जी.; समूह : अभिनय, केरल

18 अक्तूबर
काशीनामा (हिंदी)
आलेख और निर्देशक : उषा गांगुली; समूह : रंगकर्मी, कोलकाता

19 अक्तूबर
जात्रा (असमिया)
आलेख और निर्देशक : बहरूल इस्लाम; समूह : सीगल, गुवाहाटी

20 अक्तूबर
तिराइकडालोडी (तमिल)
आलेख : प्रो. एस. रामानुजम; निर्देशक : प्रसन्न रामास्वामी; समूह : पातिनी, चैन्नई

21 अक्तूबर
सोजोन बदियार घाट (बंगाली)
रुद्र प्रसाद सेन गुप्ता को प्रदर्शित करते हुए; आलेख : पोइट जासीमुद्दीन
निर्देशक : गौतम हलदर; समूह : नंदीकार, कोलकाता

22 अक्तूबर
नाटक में अभिनेता
सीमा विस्वास, कैदे-हयात में (उर्दू); आलेख : सुरेंद्र वर्मा; निर्देशक : राम गोपाल बजाज

अन्य स्थानों पर प्रदर्शन : 'एअरफोर्स ऑडिटोरियम'
15 अक्तूबर
अन्वेषक (हिंदी)
नाटककार : प्रताप सहगल; निर्देशक : सतीश आनंद; सा**हित्य कला** परिषद रेपर्टरी, दिल्ली

हिंदू कालेज
17 अक्तूबर
महाब्राह्मण (हिंदी)
निर्देशक : मुश्ताक काक; श्रीराम **सेंटर रेपर्टरी, दिल्ली**

बी. सी. पाल ऑडिटोरियम
18 अक्तूबर
ऐजूकेटिंग रीता (अंग्रेजी); निर्देशक : जॉय माइकेल यात्रिक, दिल्ली

आईआईटी ऑडिटोरियम
19 अक्तूबर
'अनटाइटल्ड' (अंग्रजी/हिंदी)
निर्देशक : अरविंद गौढ़; अस्मिता, **दिल्ली**

बी. सी. पाल ऑडिटोरियम
20 अक्तूबर
'द एंटीगोन प्रोजेक्ट (अंग्रेजी)
निर्देशक : अनुराधा कपूर

21 अक्तूबर
'और कितने टुकड़े' (हिंदी)
निर्देशक : कीर्ति जैन; अरंजन : **दिल्ली**

विवेकानंद कालेज
22 अक्तूबर
'जानेमन (हिंदी)
निर्देशक : वामन केंद्रे; एनएसडी रेपर्टरी कं., दिल्ली; मेघदूत कॉम्प्लेक्स में परंपरागत रंगमंच के प्रदर्शन

10 अक्तूबर
कूटियाट्टम (केरल)
मार्गी, तिरुवनंतपुरम

11 अक्तूबर
प्रह्लाद नाटक (उड़ीसा)
कृष्ण चंद्र साहू एवं पार्टी, **गंजम**

12 अक्तूबर
ख्याल (राजस्थान)
बंसी लाल खिलाड़ी एवं पार्टी, **जोधपुर**

13 अक्तूबर
यक्षगान (कर्नाटक)
श्री ईदागुंजी महागणपति यक्षगान मंडल केरेमेने हूनावर

14 अक्तूबर
तेरूक्कूत्तु (तमिलनाडु)
परमबरै तेरूक्कूत्तु मनरम, चैन्नई

15 अक्तूबर
सांग (हरियाणा)
पंडित लक्ष्मी चंद सांग पार्टी, सोनीपत

21 अक्तूबर
माच (मध्यप्रदेश)
माल्वा नाट्य माच मंडल, उज्जैन

22 अक्तूबर
नटुआ नाच (बिहार)
बटोही, बिहार लोकवाद्य संस्थान, **सहरसा**

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी
थिएटर इन द् वर्ल्ड टुडे : इन्डिविजुअल एंड कलेक्टिव विजन्स

रंग स्वर्ण के एक भाग के रूप में 'थिएटर इन द् वर्ल्ड टुडे' 'इन्डिविजुअल एंड कलेक्टिव विजन्स' एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 10-12 अक्तूबर 2003 को फिक्की कान्फ्रेंस कक्ष में किया गया था। संगोष्ठी का आयोजन इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट (यूनेस्को) और इसके भारतीय केंद्र आईटीआई के संयुक्त सहयोग से किया गया था। आईटीआई ने यूरोप, एशिया और अफ्रीका से 10 अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ बुलाने में सहायता की। श्री रेवती शरण शर्मा ने आईटीआई की ओर से अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ समन्वय किया। विशेषज्ञों ने यात्रा लागत का वहन स्वयं किया और अकादेमी ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की सहायता से उन्हें भारत में ठहरने का आतिथ्य प्रदान किया। संगोष्ठी का उद्घाटन 10 अक्तूबर को डॉ. भूपेन हजारिका, अकादेमी के पूर्व अध्यक्ष की स्वागत टिप्पणी, श्री श्यामानंद जालान, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष फेस्टिवल समिति के भाषण, श्री गिरीश कर्नाड के मुख्य भाषण और श्री जयंत कस्तुआर, अकादेमी के सचिव के धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ।

भारतीय भागीदारों में भारत के विभिन्न भागों के प्रख्यात रंगमंच कलाकार और विशेषज्ञ थे, जिसमें गिरीश कर्नाड, विजय मेहता, श्रीराम लागू और आर. रामनाथन शामिल थे। वक्ताओं के अतिरिक्त, रंगकर्मियों और छात्रों ने भी वाद-विवाद में भाग लिया, जिससे संगोष्ठी के तीनों दिन रंगमंच के विभिन्न पक्षों पर वाद-विवाद प्रेरक बना रहा। श्री रेवती शरण शर्मा और श्री अशोक वाजपेयी ने 'थिएटर इन द् वर्ल्ड टुडे' पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन किया।

संगोष्ठी में भाग लेने वालों को समृद्ध समसामयिक नाटकों के साथ-साथ परंपरागत रंगमंच देखने के अलावा भारत और विदेश दोनों के कुछ प्रमुख विद्वानों के साथ अन्योन्यक्रिया करने का अवसर मिला। संगोष्ठी का विवरण निम्न प्रकार है :

संगोष्ठी की अनुसूची :
10 अक्तूबर
पहला और दूसर सत्र : द क्वेशचन ऑफ आइडेंटिटी; पहला सत्र **अध्यक्ष** : जी. पी. देशपांडे; दूसरा सत्र अध्यक्ष : भास्कर चंदावरकर
पेपर प्रस्तुति : के. एन. पणिक्कर, तिरुवनंतपुरम; मोफिदुल हक, बांग्लादेश (अताउर रहमान द्वारा पठित); सोता शूजी, जापान; **आनंद** लाल, कोलकाता

11 अक्तूबर
तीसरा सत्र : कन्सर्न्स इन थिएटर; अध्यक्ष : जेनिफर एम वालपोल
पेपर प्रस्तुति : रुद्र प्रसाद सेन गुप्ता, कोलकाता; निसार अलाना, दिल्ली; संजना कपूर, मुंबई; योको ओकागिरी, जापान; भास्कर चंदावरकर, पुणे
चौथा सत्र : न्यू ऐस्थेटिक्स, न्यू ईडियम्स; अध्यक्ष : विजय मेहता
पेपर प्रस्तुति : वेसा तापिया वालो, फिनलैंड; अमल अलाना, दिल्ली; हाइसूक यांग, कोरिया; शांता गोखले, मुंबई; के. डी. त्रिपाठी, उज्जैन

12 अक्तूबर
पाँचवां सत्र : प्लेराइट इन द् 'वेस्टलैंड'; अध्यक्ष : शांता गोखले
पेपर प्रस्तुति : आर. रामानाथन, मुंबई; सतीश आलेकर, पुणे; महेश अलकुंचार, नागपुर; अभि सुबेदी, नेपाल; एस. रघुनंदन, बंगलौर; जी.पी. देशपांडे
छठा सत्र : ऐक्टर टुडे; अध्यक्ष : विजय मेहता
पेपर प्रस्तुति : कोर्नेलियू दुमित्रियू, रोमानिया; श्रीराम लागू, पुणे; कीर्ति जैन, दिल्ली; कोजर, रोमानिया पर; देवेंद्र राज अंकुर, दिल्ली; विजय मेहता, मुबंई; मोहन महर्षि, चंडीगढ़; अताउर रहमान, बांग्लादेश

सत्रों की रिपोर्टें श्री आनंद लाल, श्री केवल अरोड़ा, सुश्री संगीतिका निगम, श्री विजय केंकरे और श्री जे. एन. कौशल द्वारा तैयार की गई थीं।

रंग रेखा : अकादेमी के अभिलेखागार से फोटोचित्रों की प्रदर्शनी

इस अवसर पर, संगीत नाटक अकादेमी के अभिलेखागार से भारतीय रंगमंच पर फोटो सामग्री की प्रदर्शनी भी 18-31 अक्तूबर 2003 को अकादेमी की मेघदूत दीर्घा, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य अकादेमी के पिछले 50 वर्षों का विवरण और इसकी उन बहुविध गतिविधियों को उजागर करना था जिन्होंने भारत में रंगमंच के विकास में योगदान किया है जिसमें राष्ट्रीय नाट्य स्कूल की स्थापना भी शामिल है। अकादमी की पूर्व सचिव श्रीमती उषा मालिक द्वारा संग्रह की गई यह प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण प्रलेखन उपयोग की और अनुसंधानकर्ताओं और मीडिया के लिए अत्यधिक रुचिकर साबित हुई है।

ओपन प्लेटफार्म

व्यावसायिक रंगकर्मी एक-दूसरे के साथ आदान-प्रदान कर सकें इस उद्देश्य से प्रातः काल में कार्यशालाओं, वाद-विवादों और प्रदर्शनों की श्रृंखलाओं की व्यवस्था की गई थी। आमंत्रित विशेषज्ञों को खुला मंच प्रदान किया गया था ताकि वे अपने समसामयिकों और नाटक-छात्रों के साथ अपने विचारों और सूचना का आदान-प्रदान कर सकें। इन सत्रों की अनौपचारिक प्रकृति और मेघदूत थिएटर के खुले स्थान की भागीदारों ने और प्रस्तुतिकर्ताओं ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का विवरण निम्न है :

13 अक्तूबर
वार्ता : सम रिफ्लेक्शन ऑन मॉडर्न थिएटर इन मणिपुर
एम सी तोइबा और बुद्ध चिंगथम, बनियन रेपर्टरी थिएटर, इम्फाल द्वारा

14 अक्तूबर
निदर्शन-व-कार्यशाला : द् क्लाउड एंड द् इनर स्पेस ऑफ हार्ट
कन्हाई लाल और सावित्री हैसनम द्वारा

15 अक्तूबर
थिएटर वर्कशाप : हबीब तनवीर, नया थिएटर, भोपाल

16 अक्तूबर
रंग-नृत्य पर कार्यशाला : राजश्री शिरके, वैभव अरेकर और चेतन दतार, लास्य, मुंबई द्वारा

18 अक्तूबर
एट प्ले-ए-थ्री-स्क्रीन वीडियो स्क्रीनिंग : लूसिया किंग और स्मिता भारती, नई दिल्ली द्वारा

19 अक्तूबर
चिल्ड्रंस थिएटर वर्कशाप : नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामास टीआईई ग्रुप नई दिल्ली द्वारा

मोनोग्राफ

स्वर्ण जयंती के अवसर का भारतीय रंगमंच के कुछ महान उत्कृष्ट कलाकारों की मोनोग्राफ श्रृंखला प्रकाशित करने के समर्थन के लिए काल्पनिक इस्तेमाल किया गया। इससे भारतीय रंग कर्मियों के कार्य की सूचना और प्रलेखन की चिरकालिक आवश्यकता की पूर्ति हुई है। महोत्सव में प्रदर्शन के लिए आमंत्रित उत्कृष्ट कलाकारों को प्रकाशन निकालने के लिए अनुदान प्रदान करने का प्रस्ताव किया गया। अकादेमी ने निम्नलिखित प्रतिष्ठित कलाकारों पर 12 मोनोग्राफ जारी किए:
श्री कावालम नारायण पणिक्कर, श्री श्रीराम लागू, श्री श्यामानंद जालान, श्रीमती साबित्री हैसनम एवं श्री एच. कन्हाई लाल, श्री प्रभाकर वी. पंशीकर, श्री दामोदर काशीनाथ केंकरे, श्री मनोज मित्रा, श्री कुमार राय, श्री राजिन्दर नाथ, श्रीमती आर. नागरत्नम्मा, श्री मोहन अगाशे, श्री राम गोपाल बजाज

ये प्रकाशन सं. ना. अ. की लाइब्रेरी और अभिलेखागार में जोड़ दिए गए हैं और ये भारत और विदेशों के रंगमंच

विद्वानों और छात्रों के लिए संदर्भ और अनुसंधान के लिए उपयोगी होंगे।

संगीत स्वर्ण

संगीत नाटक अकादेमी ने स्वर्ण जयंती समारोह के एक भाग के रूप में 'संगीत स्वर्ण' प्रस्तुत किया। इसका आयोजन रवींद्र भारती ऑडिटोरियम, हैदराबाद में संस्कृति विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से किया गया था। इस संगीतोत्सव ने कर्नाटक और हिंदुस्तानी दोनों भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपराओं को उजागर किया। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल, श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने 29 अक्तूबर, 2003 को सायं 6.30 बजे उत्सव का उद्‌घाटन किया। संयोगवश एफ्रो-एशियाई खेल भी हैदराबाद शहर में इस उत्सव के साथ हुए। इस 5 दिवसीय लंबे उत्सव में भारतीय शास्त्रीय संगीत के देदीप्यमान विद्वानों ने भाग लिया यथा डॉ. एम. बाल मुरली कृष्ण, संगीत नाटक अकादेमी के रत्न सदस्य पंडित हरि प्रसाद चौरसिया, प्रतिष्ठित बाँसुरी वादक और अकादेमी सम्मान से सम्मानित (1983); श्रीमती मालिनी राजुरकर, हैराबाद की विख्यात गायिका और अकादेमी सम्मान से सम्मानित (2001); पं. विश्व मोहन भट्ट, प्रतिष्ठित मोहनवीणा वादक और अकादेमी सम्मान से सम्मानित (1998); श्री डी. के. दतार, उत्कृष्ट हिंदुस्तानी वायलन वादक और अकादेमी सम्मान से सम्मानित (1995); उस्ताद शमीम अहमद खान, प्रतिष्ठित सितारवादक और आकदेमी सम्मान से सम्मानित (1994) और इनके साथ अन्य बहुत-से गायन और वाद्य-यंत्र में प्रवीण कलाकार उपस्थित थे।

इस अवसर पर अकादेमी ने ऐसे वाद्य-यंत्रों को प्रस्तुत किया जो कि बहुत प्रसिद्ध नहीं है जैसे - रुद्र वीणा, जिसे श्री असित कुमार बनर्जी ने प्रस्तुत किया और सितार तथा शहनाई की असाधारण जुगलबंदी, जिसे कोलकाता के दो वादकों-श्री कीर्ति खान और श्री गौहर अलीखान ने प्रस्तुत किया। उत्सव का प्रारंभ तिरुपति श्री सत्यनारायण और उनके समूह ने नागस्वरम् गायन से किया जबकि दिल्ली की एक और गायिका श्रीमती सुमित्रा गुहा ने हिंदुस्तानी गायन संगीत प्रस्तुत किया। उत्सव के दौरान श्री ट्रिच्चूर वी. रामचन्द्रन, प्रतिष्ठित कर्नाटक गायक, श्री विनायक तोरवी, हिंदुस्तानी गायक और युवा पीढ़ी के तीन संगीतज्ञों श्री कमाल साबरी (सारंगी), श्रीमती माला चंद्रशेखर (कर्नाटक बाँसुरी) और श्रीमती मंजरी असनारे केलकर (हिंदुस्तानी गायन) को भी प्रस्तुत किया गया था। 2 नवंबर, 2003 को रविवार प्रातःकाल सत्र का आयोजन किया गया जिसमें कर्नाटक वीणा और धारवाड़ के वरिष्ठ गायक श्री पंचाक्षरी स्वामी मट्टी गाट्टी को प्रस्तुत किया गया था जिन्होंने विशेष सत्र में प्रातःकालीन रागों का अलाप किया। ठुमरी और गजल दिल्ली की श्रीमती शांति हीरानंद ने प्रस्तुत की।

संगीत नाटक अकादेमी के अभिलेखागार के लिए पूरे कार्यक्रम का प्रलेखन किया गया था।

डेज ऑफ रशियन कल्चर इन इंडिया

दिल्ली, मुंबई और कोलकाता
1-8 नवंबर, 2003
स्वर्ण जयंती के एक भाग के रूप में, संगीत नाटक अकादेमी ने संस्कृति विभाग, भारत सरकार, रशियन फेडरेशन संस्कृति मंत्रालय और नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में भारत में रशियन फेडरेशन के दूतावास द्वारा प्रायोजित 'डेज ऑफ रशियन कल्चर' की प्रस्तुतियों का समन्वय किया। इसका उद्‌घाटन सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में 1 नवंबर, 2003 को भूतपूर्व संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री जगमोहन द्वारा किया गया जिसमें बोल्शोई सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट सरकस, स्टेट एकेडेमिक क्लासिकल बैले थिएटर, स्टेट म्यूजिकल थिएटर ऑफ नेशनल आर्ट द्वारा प्रदर्शन और इगोर बुटमैन और जैज क्वार्टेट द्वारा संगीत-समारोह प्रस्तुत करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी।
नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में आयोजित प्रदर्शनों का ब्यौरा निम्न प्रकार है :

दिल्ली
2 नवंबर
स्थान : तालकटोरा ऑडिटोरियम, नई दिल्ली
प्रदर्शन : बोल्शोई सेंट पीटर्स स्टेट सरकस द्वारा

3 नवंबर
स्थान : सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली
प्रदर्शन : स्टेट एकेडेमिक क्लासिकल बैले थिएटर द्वारा
7 नवंबर
स्थान : सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली
प्रदर्शन : स्टेट म्यूजिकल थिएटर ऑफ नेशनल आर्ट

8 नवंबर
स्थान : सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली
प्रदर्शन : इगोर बुटमैन एंड द् जैज क्वार्टेट द्वारा

मुंबई
3 नवंबर
स्थान : होमी भाभा ऑडिटोरियम, मुंबई
प्रदर्शन : स्टेट म्यूजिकल थिएटर ऑफ नेशनल आर्ट द्वारा

4 नवंबर
स्थान : जमशेद भाभा ऑडिटोरियम, एनसीपीए, मुंबई
प्रदर्शन : बोल्शोई सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट सरकस द्वारा

स्थान : होमी भाभा ऑडिटोरियम, मुंबई
प्रदर्शन : स्टेट एकेडेमिक क्लासिकल बैले थिएटर द्वारा

स्थान : नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम, मुंबई
प्रदर्शन : इगोर बुटमैन एंड द् जैज क्वार्टेट द्वारा

कोलकाता
5 नवंबर
स्थान : साईंस सिटी मिनी ऑडिटोरियम, कोलकाता
प्रदर्शन : इगोर बुटमैन एंड द् जैज क्वार्टेट द्वारा

स्थान : जीडी बिरला सभागार, कोलकाता
प्रदर्शन : स्टेट म्यूजिकल थिएटर ऑफ नेशनल आर्ट द्वारा
6 नवंबर
स्थान : साईंस सिटी ऑडिटोरियम, कोलकाता
प्रदर्शन : बोल्शोई सेंट पीटर्स बर्ग स्टेट सरकस द्वारा

7 नवंबर
स्थान : साईंस सिटी ऑडिटोरियम, कोलकाता
प्रदर्शन : साहिल सिरी ऑडिटोरियम द्वारा

नृत्य स्वर्ण

अकादेमी गोल्डन जुबली डांस फेस्टिवल, मुंबई

संगीत नाटक अकादेमी ने स्वर्ण जयंती के एक भाग के रूप में नृत्य स्वर्ण - नृत्य के राष्ट्रीय पर्व के रूप में आयोजित किया, जिसमें भरतनाट्यम, कथक, कूचिपूडि, ओडिसी, *मणिपुरी, मोहिनीआट्टम और सत्रिय जैसी प्रमुख नृत्य* शैलियों के कुछेक उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा प्रतिपादित भारतीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को प्रकट किया गया है। आयोजन 7-13 नवंबर, 2003 तक नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम, मुंबई में किया गया था। इस एक सप्ताह लंबे उत्सव में 14 प्रतिष्ठित कलाकारों - सभी अकादेमी सम्मान से सम्मानित - द्वारा प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं। इनमें अकादमी रत्न सदस्य गुरु वेमपति चिन्ना सत्यम सम्मिलित हैं।

उत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रमुख एकल नर्तकों द्वारा प्राप्त की गई उत्कृष्टता को प्रदर्शित करना था। इसमें नृत्य की चुनिंदा प्रमुख संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत समूह प्रस्तुतियों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिय गया। समालोचकों और गुणज्ञों को बहु-शैली प्रस्तुति 'अष्टनायिका' विशेष रुचिकर लगा। जिसमें मुंबई की सुविख्यात और युवा नर्तकियों को प्रस्तुत किया गया था। कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए कलाकार/समूह निम्न प्रकार है :

7 नवंबर
कलाकार/समूह : प्रतिभा प्रह्लाद
नृत्य-शैली : भरतनाट्यम
संगतकार : के.आर.वी पुलाकेसी (नट्टुवंगम), पी. राम (गायन), पी. जनार्दन (मृदंगम), दयाका (वायलिन), के.जे. जयराम (बाँसुरी) मदन रमन (नाद्स्वरम)

प्रस्तुत कलाकार/समूह : राजेंद्र गंगानी, कथक
संगतकार : फतेह सिंह गंगानी (तबला), विजय परिहार (गायन), कमाल अहमद (सारंगी), देवेंद्र (बाँसुरी), किशोर गंगानी (पधांत)

8 नवंबर
वैजयंती माला बाली, भरतनाट्यम
संगतकार : श्याम सुंदर (नट्टुवंगम), पद्मिनी वेंकटेश (गायन), एस. शिवारामकृष्ण (मृदंगम)

उमा शर्मा, कथक
संगतकार : ज्वाला प्रसाद (गायन), मुबारक अली (तबला), खालिद मुस्तफा (सितार), अजय प्रसन्ना (बाँसुरी)

9 नवंबर
दर्शना झावेरी और मणिपुरी नर्तनालय, मुंबई के कलाकार-रंजना झावेरी, सुरवाला देवी, हर्षिणी शाह, विधि तुरखिया, मीरा उनादकत और श्रेया अयूब, मणिपुरी
संगतकार : अताशी चटर्जी, लतासना देवी, सुशांत दास, ब्रोजन सिंह, हिमांशु नंदा, शबीर और भरत व्यास। नृत्य और संगीत रचनाकार गुरु विपिन सिंह सहायक दर्शना झावेरी, कलावती देवी और लतासना देवी

स्वप्न सुंदरी, कूचिपूडी
संगतकार : तंजावुर केसन (नट्टूवंगम), अनसूया मूर्ति (गायन), जनार्दन (मृदंगम), श्रीधर (तालवाद्य प्रभाव), जयराम (बाँसुरी) और सी.एस. अनुरूप (वायलिन)

10 नवंबर, 2003
किरन सैगल, ओडिसी
संगतकार : सत्यनारायण महाराणा (गायन), सुरेंद्र महाराणा (मरदल), राम साहू (मंजीरा और गायन समर्थन), विजय कुमार (बाँसुरी), रईस अहमद (सितार), गोपीनाथ सैन (वायलिन) और मिलिंद (प्रकाश व्यवस्था)

मल्लिका सरुक्कै, भरतनाट्यम

संगतकार : ए.एस. मुराली (नट्टूवंगम), एन. भाग्य लक्ष्मी (गायन), पी. के. रंगनाथन (मृदंगम), एन. सिगमणि (वायलिन), आलेख और व्याख्या : सरोजा कामाक्षी, बिमल जोशी (प्रकाश व्यवस्था)

11 नवंबर

प्रस्तुत कलाकार/समूह : घनकांत बरा एवं समूह - अनवेस महंत, प्रणवी शर्मा, सिस्तारानी हजारिका, गोपाल बर बयान, निरंजन अनंत बयान, हेमंत बयान, नारायण कलिता, हरि साइकिया और द्विजेन बर्मन
संगत कार : घनकांत बरा (खोल), नित्यानंद डेका (गायन), कुशल वैश्य (वायलिन), प्रवीण कलिता (बाँसुरी), हरि साइकिया और द्विजेन बर्मन (झाँझ)

कनक रेले और नालंदा डांस रिसर्च सेंटर मुंबई के नर्तक-माधुरी देशमुख, रूपा सावंत, सारिका म्हात्रे, सजी नायर और तन्वी भंसाली, मोहिनीआट्टम
संगतकार : सी. गोपाल कृष्ण (नट्टूवंगम), एस.एस. गिरिसन (गायन), के.एन.पी. नंबीसन (इडक्कै), वी. मुरुकन (मृदंगम) नारायण मणि (वीणा) और बालसुब्रह्मणियन (वायलिन)

रोहिणी भाटे और नृत्य भारती, पुणे के नर्तक-शर्वरी जामेनिस, ऋजुता सोमन, प्राजक्त राज और मनिषा राज, कथक
संगतकार : निखिल पाठक (तबला), चिन्मय कोल्हाटकर (हारमोनियम), अजित सोमन (बाँसुरी), अमला शेखर (पधांत)

12 नवंबर

अष्टनायिका-भरत *नाट्यशास्त्र* पर आधारित/संध्या पुरेचा (भरतनाट्यम), झेलम परांजपे (ओडिसी), शांता रानी मिश्र (कूचिपूडि), केका सिंहा (कथक), हर्षिणी शाह (मणिपुरी), उर्वी वोहरा (मोहिनीआट्टम) और प्रिया नम्बूदरी (कथकली)
नृत्य-शैली : भरतनाट्यम, ओडिसी, कूचिपूडि, कथक, मणिपुरी, मोहिनीआट्टम और कथकली पर आधारित नृत्य रचना प्रस्तुति
संगतकार : काजी लताफत हुसैन, निदेशक, संस्कृति, नेहरू सेंटर, मुंबई - *संकल्पना, गीत और निर्देशन,* संध्या पुरेचा-*समन्वय,* आचार्य पार्वती कुमार, कनक रेले, दर्शना झावेरी, कलामंडलम सी. गोपालकृष्णन - *मार्गदर्शन*। सिराज खान - *संगीत*/सिराज खान, अपर्णा अपराजित, शाम्पा पाकृषि, मृदुला ढाडे-जोशी, शिव प्रसाद, गिरीसन, कलामंडलम सी. गोपालकृष्ण - *गायक,* महावीर - *तबला,* नटवर महाराणा और देवेंद्र शैलर - *पखावज,* सुनीलकांत गुप्ता - *बाँसुरी,* श्रीकांत मल्पेकर - *थटम्,* गौतम जोशी - *स्टेज,* प्रदीप कुशनाजी - *ध्वनि*

वेमपति चिन्ना सत्यम् का समूह - कूचिपूडि आर्ट एकेडेमी, चेन्नई। नर्तक : वेमपति रवि शंकर, श्रीविद्या वेमपति, श्रीमई वेमपति, वानजा, शोभा वेंकटेश, विजया और वरिष्ठ संध्या, कूचिपूडि
गुरु वेमपति चिन्ना सत्यम - *नृत्यरचनाकार और नट्टूवंगम, संगतकारः* गोपाकुमार सीता लक्ष्मी - (गायन), ई. देवराज - (बाँसुरी), एस. वेंकटरमन - (वीणा), एल.एस. सूर्यकांत - (मृदगंम), एस. बालसुब्रहमणियन - (वायलिन)

13 नवंबर

चित्रा विश्वेश्वरन, भरतनाट्यम
संगतकार : आर. विश्वेश्वरन - (गायन), सुकन्या रविंदर - (नट्टूवंगम), अड्यार श्री के. गोपीनाथ - (मृदंगम), उमा नम्बूदरीपाद - (गायन), शशिधरण - (बाँसुरी), एन. **वीरामणि - (वायलिन)**, भवानी प्रसाद - (वीणा)

सोनल मानसिंह, ओडिसी
संगतकार : दयानंद परिहस्त - *गायन,* निरंजन भोल - *पखावज,* अबरार हुसैन - *सरोद,* श्रीनिवास सतपथी - *बाँसुरी,* हरीश जैन - *प्रकाश व्यवस्था*

संगीत नाटक अकादेमी की स्वर्ण-जयंती पर स्मारक डाक-टिकट

डाक विभाग, भारत सरकार ने अकादेमी की स्वर्ण-जयंती पर पाँच रुपए मूल्यवर्ग के तीन स्मारक डाक टिकट निकाले जिनमें प्रदर्शन कलाओं के जीवंत भाव चित्रित किए गए हैं। डाक-टिकटों को 22 दिसंबर 2003 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने पूर्व पर्यटन और संस्कृति मंत्री, श्री जग मोहन और पूर्व विनिवेश, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अरुण शौरी की उपस्थिति में जारी किया।

अकादेमी की अध्यक्ष श्रीमती सोनल मानसिंह और अकादेमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. भूपेन हजारिका ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी को बधाई दी। स्मारक डाक टिकट जारी करने के पश्चात माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने लय प्रवाह - ऐन्सेम्बल ऑफ ड्रम्स ऑफ इंडिया - का आनंद लिया जिसका निर्देशन प्रख्यात मृदंगम संगीतज्ञ श्री टी.वी. गोपालकृष्णन द्वारा किया गया था।

स्वर्ण रंग प्रतिभा

युवा रंगकर्मियों द्वारा नाट्य उत्सव

स्वर्ण जयंती समारोहों के अवसर पर अकादेमी ने 'स्वर्ण रंग प्रतिभा' नामक युवा रंगमंच निर्देशकों के नाटकों की शृंखला का आयोजन युवा निर्देशकों को और आगे बढ़ने तथा अपने कला-कार्यों को उत्तर-पूर्व राज्यों के अपने राज्यों से बाहर की सीमाओं में ले जाने का अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था, असम में यह आयोजन सिबसागर में 6-10 जनवरी, 2003 तक सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, असम सरकार के सहयोग से मणिपुर, इम्फाल में 19-29 जनवरी,

2004 तक मणिपुर स्टेट कला अकादेमी फॉर कॉरस रेपर्टरी थिएटर, इम्फाल के सहयोग से और त्रिपुरा, अगरतला में 16-29 मार्च, 2004 तक सूचना, संस्कृति और पर्टयन निदेशालय, त्रिपुरा सरकार के सहयोग से इस समारोह का आयोजन किया गया।

